हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 15 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संभोधित करते हुए 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि आज देश की आज़ादी के लिए प्राणो का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालो को समरण करने की शुभ घडी है। उन्होंने कहा कि,राष्ट्र की रक्षा एवं निर्माण करने वाले किसानो जवानो,युवाओं माता बहनों सोचित और वंचित वर्ग के लोगों की देश के प्रति निष्ठा विश्व के लिए प्रेरणा है ।श्री मोदी ने कहा कि,अगर देश के लिए सहीद होने की प्रतिबद्धता देश को आजादी दिला सकती है तोह देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता देश को समृद्ध बना सकती है उन्होंने उन लोगों के प्रति सवेंदना व्यक्त की,जिन्होंने इस वर्ष प्रकृतिक आपदाओं में अपने परिजन खोये है ।देश में हुए किसान का जिक्र करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि देश नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ गया है G-20 देशो ने इस क्षेत्र में जितना काम किया है, उससे ज़्यादा काम केवल भारत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि,किसी राजनितिक मज़बूरी के कारण नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सुधर किये गए है इन सुधारों में बड़ा सुधर बैंकिंग शेटर में सुधर है ।श्री मोदी ने अपने सम्बोधन में विकसित भारत के लिए किये जा रहे प्रयासों और मोठे अनाज का जिक्र भी किया। शिक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि,सदियों पुराणी नालंदा भावना को जगाना होगा और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 में भाषा के कारण प्रतिभा के आगे आने में होने वाली बाधा को दूर करने के प्रयास किये गए हैं ।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में चिकित्सा क्षेत्र के विकास के लिए मेडिकल कॉलेज में एक लाख सीट बढ़ने का जिक्र भी किया और कहा कि आगामी 5 वर्ष में मेडिकल क्षेत्र में 75 हज़ार नयी सीट जुड़ जायेंगी ।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बार बार सामान नागरिक संहिता बारे चर्चा करने की बात भी की उन्होंने सभी हितधारकों से अनुरोध किया की वे समान नागरिक सहिता के मुद्दे पर विचार विमर्श करें । श्री मोदी ने कहा कि में जो सिविल कोड लागु है उसमे बदलाव की ज़रूरत है उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिभर्रता को लेकर हर क्षेत्र में काम कर रही है ।

उन्होंने रक्षा क्षेत्र का जिक्र किया और कहा कि भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर मिशन पर काम किया है और दूरसंचार में 6 G पर मिशन मोड़ में काम कर रही है।

....

हरियाणा में आज 78 वां स्वतंत्रता दिवस पूरी धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी जिलों में सुबह स्वतंत्रता दिवस समारोहों का आयोजन किया गया और पुलिस व अर्धसैनिक बलों, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों ने परेड की ।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में पुलिस लाइन के प्रांगण में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण किया और परेड से सलामी ली । इससे पहले उन्होंने लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने वाले शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आज आजादी में योगदान देने वाले उन सभी शहीदों को मैं शत-शत नमन करता हूं जिनकी वजह से आज हम

आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर शहीदों व उनके परिवारों के लिए विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं साथ हरियाणा के नागरिकों के लिए हर तरह की योजनाएं भी चलाई गई है। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सवैट यानी स्पेशल वेपंस एण्ड टेकटिक्स द्वारा एक प्रस्तुति दी गई । हरियाणा कमांडो द्वारा भी मोटरसाइकिल पर कलाबाजियों के साथ शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

हरियाणा में राज्यसभा के एक सदस्य के निर्वाचन के लिए उपचुनाव कार्यक्रम जारी किया गया है।उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एवं राज्यसभा के उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी डा. साकेत कुमार ने बताया कि 21 अगस्त तक अवकाश के दिनों को छोड़कर किसी भी कार्यदिवस में किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन चंडीगढ़ में सेक्टर एक स्थित हरियाणा विधानसभा सचिवालय में 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल करवाया जा सकता है।उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को सुबह 10 बजे की जाएगी। 27 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं।यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 3 सितंबर को हरियाणा विधानसभा सचिवालय में सुबह 9 से सांय 4 बजे तक होगा।